gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

22-31 अक्टूबर 2020

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

22-31 अक्टूबर 2020

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) अक्टूबर **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस बैंक ने एक अरब लोगों के टीकाकरण में सहायता के उद्देश्य से विकासशील देशों को कोरोना वायरस वैक्सीन खरीदने एवं वितरित करने, परीक्षण और उपचार में वित्तपोषण हेतु मदद करने के लिए 12 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी है_____**विश्व बैंक।**

नोट:

- विश्व बैंक ने एक अरब लोगों के टीकाकरण में सहायता के उद्देश्य से विकासशील देशों को कोरोना वायरस वैक्सीन खरीदने एवं वितरित करने, परीक्षण और उपचार में वित्तपोषण हेतु मदद करने के लिए 12 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी है।
- 12 बिलियन डॉलर की सहायता विकासशील देशों को कोविड-19 महामारी से लड़ने में मदद हेतु 160 बिलियन डॉलर के विश्व बैंक समूह पैकेज का हिस्सा है।

2. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के लिए न्यूनतम नेट ओन्ड फंड (NOF) कितना निर्धारित किया है_____ **20 करोड़ रुपये।**

नोट:

- रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन (CoR) धारक और 25 करोड़ रुपये से कम का NOF रखने वाली हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (HFC) को 31 मार्च, 2022 तक 15 करोड़ रुपये और 31 मार्च, 2023 तक 25 करोड़ रुपये का NOF हासिल करना जरूरी होगा।
- RBI ने HFC के लिए संशोधित नियामक ढांचा जारी किया है।

3. औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) का संशोधित आधार वर्ष क्या है जो पहले 2001 था_____**वर्ष 2016।**

नोट:

- नई श्रृंखला का अब सरकारी कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते (DA) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- पुरानी श्रृंखला के लिए नई श्रृंखला का लिंकिंग फैक्टर 2.88 था, जो नियोक्ता संघों ने परामर्शों में बढ़ाया था।

4. किस फाइनेंसिंग एजेंसी ने भारत के पहले सैंड ड्यून पार्क और विवेचना केंद्रों के लिए 3 करोड़ रुपये को मंजूरी दी _____**विश्व बैंक।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- गोवा राज्य जैव विविधता बोर्ड ने परियोजना का प्रस्ताव पेश किया है, जिसे विश्व बैंक द्वारा वित्तीय सहायता के साथ लागू किया जाएगा।
- सैंड ड्यून पार्क परियोजना में स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सैंड ड्यून पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए विवेचना केंद्र होंगे।

5. किस फिनटेक कंपनी ने भारत में डिजिटल फर्स्ट कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए अटलांटिस के साथ साझेदारी की है_____**मास्टरकार्ड।**

नोट:

- साझेदारी का उद्देश्य मास्टरकार्ड के उपयोगकर्ताओं को एक तकनीकी समाधान प्रदान करना है जो उन्हें एक सर्वोत्तम डिजिटल बैंकिंग अनुभव का आनंद लेने में सक्षम बनाता है।
- भारत में लॉन्च होने के बाद, साझेदारी का विस्तार मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड तक होगा।
- यह साझेदारी मास्टरकार्ड के उपयोगकर्ताओं को खाते तक तत्काल पहुंच और सुविधाजनक भुगतान करने की अनुमति देती है।

6. किस बैंक ने टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत बैंक TKM द्वारा बेचे जाने वाले समस्त वाहनों के लिए पसंदीदा फाइनेंसरों में से एक होगा_____**बैंक ऑफ बड़ौदा।**

नोट:

- भारत के तीसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत ग्राहक 90 प्रतिशत की हाई ऑन-रोड फंडिंग, 84 महीने लंबी कर्ज अदायगी अवधि, कोई पूर्व भुगतान या प्रतिबंध शुल्क नहीं जैसे विशेष समाधानों का लाभ उठा सकते हैं।
- वहीं दूसरी ओर, TKM डीलरों को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ 'डिजीटल आपूर्ति श्रृंखला वित्त' से लाभ होगा।

7. श्रीलंका मौद्रिक प्राधिकरण से मंजूरी मिलने के बाद किस बैंक ने श्रीलंका में अपना परिचालन बंद कर दिया_____ **ICICI बैंक।**

नोट:

- श्रीलंका मौद्रिक प्राधिकरण से मंजूरी मिलने के बाद ICICI बैंक ने श्रीलंका में अपना परिचालन बंद कर दिया।
- सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मौद्रिक बोर्ड ने ICICI बैंक द्वारा किए गए अनुरोध पर विचार करते हुए, श्रीलंका में बैंक के कारोबार परिचालन को बंद करने और उसे जारी लाइसेंस रद्द करने की मंजूरी दे दी।

8. किस बैंक ने स्टार्ट-अप वित्तपोषण हेतु 'IND स्प्रिंग बोर्ड' पहल शुरू करने के लिए IIT मद्रास इन्क्यूबेशन सेल (IITMIC) के साथ भागीदारी की है_____**इंडियन बैंक।**

नोट:

- इसके तहत, IITMIC सिद्ध प्रौद्योगिकी के साथ स्टार्ट-अप प्रस्तुत करेगा और इंडियन बैंक में नकदी प्रवाह स्थापित करेगा।
- इंडियन बैंक इन चयनित स्टार्ट-अप के लिए अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं या मशीनरी और उपकरणों की खरीद हेतु 50 करोड़ रुपये तक का ऋण विस्तार करेगा।

9. किस भारतीय बैंक ने हाल ही में श्रीलंका में अपना परिचालन समाप्त किया है_____ **ICICI बैंक।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ICICI बैंक ने श्रीलंका में अपने कारोबार परिचालन को बंद करने की घोषणा की।
- बैंक ने 1988 के बैंकिंग अधिनियम, संख्या 30 के प्रावधानों, कुछ नियमों और शर्तों के अधीन जारी किए गए लाइसेंस को रद्द कर दिया है।

10. भारतीय डाक ने डाक शिपमेंट से संबंधित डेटा के इलेक्ट्रॉनिक आदान-प्रदान के लिए किस देश के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____**अमेरिका।**

नोट:

- समझौते के आधार पर, संबंधित संस्थाएं अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुओं के आगमन से पहले उनके इलेक्ट्रॉनिक डेटा को हस्तांतरित और प्राप्त करेंगी।
- इससे सीमा शुल्क विभाग को शिपमेंट के बंदरगाह पहुंचने से पहले डाक वस्तुओं को पहले से मंजूरी देने में मदद मिलेगी।

11. किस बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित अप्रयुक्त स्थानों में खुदरा स्वर्ण ऋण परिसंपत्तियां मंगाने और प्रबंधन के लिए IIFL फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की_____**CSB बैंक।**

नोट:

- साझेदारी के तहत, IIFL बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (BC) के रूप में कार्य करेगा।
- अपने विशाल शाखा नेटवर्क के साथ IIFL उन बाजारों से नए कारोबार मंगाएगा जहां CSB बैंक के पास पर्याप्त शाखा नेटवर्क नहीं है।

12. किस संस्था ने ऑस्ट्रेलिया के कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (CSIRO) के साथ मिलकर इंडिया आस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन (I-ACE) का आयोजन किया_____ **अटल इनोवेशन मिशन (AIM)।**

नोट:

- चक्रीय अर्थव्यवस्था पर यह हैकथॉन 7 और 8 दिसंबर 2020 को आयोजित की जाएगी।
- रैखिक अर्थव्यवस्था में, कच्चे प्राकृतिक संसाधनों को लिया जाता है, उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है और उन्हें बेचा जाता है।

13. किस बैंक ने NPCI के साथ मिलकर एक रिवॉर्ड प्रोग्राम शुरू किया है_____ **एसवीसी कोऑपरेटिव बैंक।**

नोट:

- उन्होंने एक रिवॉर्ड कार्यक्रम शुरू करने के लिए साझेदारी की है।
- उन्होंने ग्राहकों को आसानी और पुरस्कार योग्य बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से लॉयल्टी मैनेजमेंट प्रोग्राम शुरू किया।

14. किस बैंक ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (JBIC) के साथ 1 बिलियन डॉलर तक के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- 600 मिलियन डॉलर JBIC द्वारा वित्तपोषित किए जाएंगे, शेष भाग अन्य उधारदाताओं से प्राप्त होगा, जिसमें सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन, MUFG बैंक, मिज़ूहो बैंक, शिज़ुओका बैंक और बैंक ऑफ योकोहामा शामिल हैं।
- JBIC भागीदार बैंकों द्वारा सह-वित्तपोषित भाग के लिए गारंटी प्रदान करेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

15. किस मर्चेंट पेमेंट नेटवर्क ने अपने प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड लॉन्च करने की घोषणा की _____**भारत पे।**

नोट:

- फिनटेक उत्पाद की इस नई श्रेणी की शुरुआत लघु एवं मध्यम उद्यमों (SME) को वित्तीय उत्पादों के संपूर्ण विस्तार पेश करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- भारत पे के व्यापारी 99.5 प्रतिशत शुद्ध 24 कैरेट सोने की खरीद और बिक्री कर सकेंगे। व्यापारी भारतपे ऐप का उपयोग करके, रुपये या ग्राम में, दिन के किसी भी समय और कहीं से भी खरीद कर सकते हैं।

16. दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के सहयोग से किस बैंक ने एक संपर्क रहित बहुउद्देश्यीय कार्ड लॉन्च किया, जो क्रेडिट कार्ड और मेट्रो स्मार्ट कार्ड के रूप में कार्य कर सकता है_____ **SBI कार्ड।**

नोट:

- क्रेडिट कार्ड दिल्ली मेट्रो SBI कार्ड दिल्ली मेट्रो पर नियमित यात्रियों के लिए बनाया गया है।
- यह अपने उपयोगकर्ताओं को बैलेंस की राशि 100 रुपये से कम होने पर ऑटो-टॉप अप सुविधा के साथ स्मार्ट कार्ड के रूप में इसका उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।
- क्रेडिट कार्ड सुविधा स्वचालित रूप से उपयोगकर्ता द्वारा लिंक किए गए कार्ड / बैंक खाते से 200 रुपये का टॉप-अप रिचार्ज करेगी।

17. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने IOCL के ग्राहक अनुभव को बदलने के लिए किस प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ साझेदारी की_____**इंटरनेशनल बिजनेस मशीन।**

नोट:

- इस साझेदारी के तहत, IBM ने इंडियन ऑयल वन मोबाइल ऐप और पोर्टल विकसित किया है, जिसका उपयोग लगभग 12,400 IOCL वितरकों की पहुंच वाले 130 मिलियन उपभोक्ताओं द्वारा किया जाएगा।
- इंडियन ऑयल वन मोबाइल ऐप और पोर्टल इंडियन ऑयल के प्रॉजेक्ट ePIC (इंडियन ऑयल ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म), एक डिजिटल परिवर्तन परियोजना का हिस्सा है।

18. कौन सा बैंक ग्लोबल फाइनेंस की सेफेस्ट बैंक 2020 रिपोर्ट में एशिया का सबसे सुरक्षित बैंक और दुनिया का चौथा सबसे सुरक्षित वाणिज्यिक बैंक चुना गया है _____**डीबीएस बैंक।**

नोट:

- DBS ने 2019 और 2018 से दुनिया में सबसे सुरक्षित वाणिज्यिक बैंक के रूप में चौथा और विश्व स्तर पर चौदहवें सबसे सुरक्षित बैंक के रूप में स्थान प्राप्त किया।
- कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण ग्लोबल फाइनेंस ने 19 अक्टूबर 2020 को 2020 वर्ल्ड सेफेस्ट बैंक का एक वर्चुअल पुरस्कार समारोह आयोजित किया।

19. भारतीय रिजर्व बैंक ने मेपल ग्रुप को किस बैंक की 5% से अधिक लेकिन 9.99% तक की चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने की मंजूरी दी है_____**RBL बैंक।**

नोट:

- मेपल ग्रुप उन निवेशकों में से एक था जिन्होंने बैंक के अधिमान्य शेयर निर्गम में भाग लिया था। ग्रुप ने हिस्सेदारी खरीदने के अधिकार हासिल कर लिए थे और बैंकिंग नियामक से अनुमति मिलने का इंतजार कर रहा था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- RBL ने जुलाई-सितंबर की तिमाही में 144.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 54.3 करोड़ रुपये था। यह संख्या उम्मीद से बेहतर थी, क्योंकि CNBC-TV18 पोल ने अनुमान लगाया था कि संख्या 126.2 करोड़ रुपये होगी।

श्रद्धांजलियां

1. प्रख्यात राजनीतिज्ञ डॉ. जयंत माधब का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_____ **अर्थशास्त्री।**

नोट:

- असम के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. जयंत माधब का निधन हो गया। उन्होंने कलकत्ता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट कॉर्प के वित्तीय सलाहकार के रूप में काम किया और एडीबी में निदेशक भी रहे।
- वह पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष थे।

2. प्रसिद्ध व्यक्ति महेश कनोडिया का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____ **गायक।**

नोट:

- पाटन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद और प्रसिद्ध गुजराती गायक-संगीतकार महेश कनोडिया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
- महेश (83 वर्षीय) गुजराती फिल्म स्टार और पूर्व विधायक नरेश कनोडिया के बड़े भाई हैं और दोनों को गुजराती फिल्म उद्योग में महेश-नरेश की जोड़ी के रूप में जाना जाता है।

3. प्रसिद्ध व्यक्ति डेनियल मेनकर का हाल ही में निधन हो गया; वह एक अनुभवी थे_____**लेखक।**

नोट:

- डेनियल मेनकर कई पुस्तकों के लेखक थे, जिनमें संस्मरण माई मिस्टेक और हास्य मनोवैज्ञानिक उपन्यास द ट्रीटमेंट शामिल हैं, जिसे 2007 में क्रिस आइगेमन और इयान होल्म अभिनीत फिल्म में रूपांतरित किया गया था।
- उन्हें उनके संकलन द ओल्ड लेफ्ट की ओ हेनरी पुरस्कार विजेता शीर्षक कहानी के लिए भी जाना जाता था।

4. प्रसिद्ध महिला डॉ. विजयलक्ष्मी रमानन का निधन हो गया, वह थीं _____**भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी।**

नोट:

- उनका जन्म फरवरी 1924 को हुआ था, उन्होंने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और बाद में 22 अगस्त, 1955 को आर्मी मेडिकल कोर में शामिल हुईं।
- विभिन्न वायु सेना अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्य करने के अलावा, उन्होंने युद्धों के दौरान घायल हुए सैनिकों का भी इलाज किया और प्रशासनिक कर्तव्य निभाए।

5. के.जे. मोहम्मद बाबू, जिन्हें 'जीरो' बाबू के नाम से जाना जाता है, वह एक अनुभवी थे _____**पार्श्व गायक।**

नोट:

- वे **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** के प्राप्तकर्ता थे। उन्होंने लगभग 90 फिल्मों और विभिन्न नाटकों में गायन किया।
- उनकी पहली फिल्म 1964 की फिल्म 'कुटुंबिनी' थी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. हाल की में प्रसिद्ध व्यक्ति ली कुन-ही का निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____**बिजनेस टाइकून।**

नोट:

- ली ने सैमसंग को एक छोटे व्यापारिक व्यवसाय से स्मार्टफोन और मेमोरी चिप्स का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बनाने में मदद की।
- आज कंपनी का कुल कारोबार दक्षिण कोरिया की GDP के पांचवें भाग के बराबर है।

7. प्रसिद्ध व्यक्ति नरेश कनोडिया का निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____**फिल्म स्टार-राजनेता।**

नोट:

- वे गुजराती गायक **महेश कनोडिया** के छोटे भाई थे, जिनका लंबी बीमारी के बाद 25 अक्टूबर 2020 को गांधीनगर में निधन हो गया।

8. प्रख्यात व्यक्ति केशुभाई सवदासभाई पटेल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____**राजनेता।**

नोट:

- गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री, केशुभाई सवदासभाई पटेल का निधन हो गया। उन्होंने 1995 में कुछ महीनों के लिए और फिर मार्च 1998 से अक्टूबर 2001 तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. वर्ल्ड स्नो लेपर्ड डे प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर कब मनाया जाता है_____**23 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस अवैध शिकार रोकने के उपायों पर जोर देता है और हिम तेंदुए की सीमा वाले देशों में एक पर्यावरण संगठन के संदर्भ में प्रयासों को मजबूत करता है।
- पहला स्नो लेपर्ड डे वर्ष 2014 में 23 अक्टूबर को मनाया गया था।

2. वर्ल्ड डे फॉर ऑडीओविज़अल हेरिटेज 2020 का विषय क्या है _____ **Your Window to the World.**

नोट:

- वर्ल्ड डे फॉर ऑडीओविज़अल हेरिटेज 27 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है।
- इस दिवस को यूनेस्को द्वारा 2005 में रिकॉर्ड किए गए आवाजों और ऑडियोविजुअल दस्तावेजों के महत्व और संरक्षण जोखिमों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए चुना गया था।

3. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का विषय क्या है _____**सतर्क भारत- समृद्ध भारत।**

नोट:

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का विषय: सतर्क भारत, समृद्ध भारत (Vigilant India, Prosperous India)।
- यह नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए मनाया जाता है।

4. इंटरनेशनल एनीमेशन डे प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_____**28 अक्टूबर।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस दिवस ने एनीमेशन की कला को मशहूर किया और एनीमेशन के पीछे के कलाकारों, वैज्ञानिकों और तकनीशियनों को भी पहचान दी।
- यह वर्ष 19वां इंटरनेशनल एनिमेशन डे है। यह दिवस 2002 में एक अंतर्राष्ट्रीय एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन इंटरनेशनल एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन (ASIFA) द्वारा शुरू किया गया था, जो UNESCO का सदस्य है।

5. संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है _____**24 अक्टूबर।**

नोट:

- वर्ष 2020 संयुक्त राष्ट्र और इसके संस्थापक चार्टर की 75वीं वर्षगांठ को दर्शाता है।
- चार्टर पर 50 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा 26 जून 1945 को हस्ताक्षर किए गए थे।

6. संयुक्त राष्ट्र का विश्व विकास सूचना दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**24 अक्टूबर।**

नोट:

- दिवस का उद्देस विकास की समस्याओं के लिए विश्व जनमत का ध्यान आकर्षित करना और समग्र वृद्धि तथा विकास हेतु उन्हें हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर ध्यान देना है।

7. विश्व पोलियो दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**24 अक्टूबर।**

नोट:

- विश्व पोलियो दिवस एक पोलियो मुक्त दुनिया की ओर वैश्विक प्रयासों को उजागर करने और दुनिया के हर कोने से पोलियो उन्मूलन की लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के लोगों के अथक योगदान का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है।

8. इंटरनेशनल एनिमेशन डे विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है _____**28 अक्टूबर।**

नोट:

- इस दिवस ने एनीमेशन की कला को मशहूर किया और एनीमेशन के पीछे के कलाकारों, वैज्ञानिकों और तकनीशियनों को भी पहचान दी।
- यह दिवस 2002 में एक अंतर्राष्ट्रीय एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन इंटरनेशनल एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन (ASIFA) द्वारा शुरू किया गया था, जो UNESCO का सदस्य है।

9. राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है _____ **31 अक्टूबर।**

नोट:

- यह वर्ष उस महान नेता की 145वीं वर्षगांठ है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में और बाद में देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

10. यूएन वर्ल्ड सिटीज डे प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**31 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस वैश्विक शहरीकरण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के हितों को बढ़ावा देने, अवसरों को पूरा करने में देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने और शहरीकरण की चुनौतियों का सामना करने और दुनिया भर में संधारणीय शहरी विकास में योगदान देने के लिए मनाया जाता है।

11. अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**29 अक्टूबर।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसका उद्देश्य दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिवस का सम्मान करना है।
- यह दिवस पहले इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेजने को भी दर्शाता है जो वर्ष 1969 में एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर में भेजा गया था।

नई नियुक्तियां

1. भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBP) के नवनिर्मित ग्वावाहाटी स्थित पूर्वी कमान का प्रमुख किसे नियुक्त किया गया _____ **अमृत मोहन प्रसाद।**

नोट:

- भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा करता है।
- पूर्वी कमान असम, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बटालियन पर नजर रखती है।

2. राष्ट्रपति मिशेल आउन द्वारा लेबनान का नया प्रधान मंत्री किसे नियुक्त किया गया है_____**साद अल-हरीरी।**

नोट:

- हरीरी ने आउन के साथ विचार-विमर्श में अधिकांश सांसदों का समर्थन हासिल किया।
- लेबनान की सत्ता-साझा राजनीति का संचालन करने और एक ऐसी कैबिनेट से सहमत होने के लिए उन्हें बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसे तब संकटों की बढ़ती सूची: एक बैंकिंग संकट, मुद्रा दुर्घटना, बढ़ती गरीबी और पंगु कर देने वाले राज्य ऋण पर ध्यान आकर्षित करना था।

3. जम्मू और कश्मीर को पूर्ण राज्य और विशेष संवैधानिक दर्जे की बहाली हेतु लड़ने के लिए गुपकर गठबंधन का अध्यक्ष किसे चुना गया_____**फरुख अब्दुल्ला।**

नोट:

- अनुभवी CPM नेता एम.वाई. तारिगामी को संयोजक चुना गया जबकि दक्षिण कश्मीर से लोकसभा सदस्य हसनैन मसूदी पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डेक्लरेशन (PAGD) के समन्वयक होंगे।

4. हाल ही में सेशेल्स का राष्ट्रपति किसे चुना गया_____**वावेल रामकलावन।**

नोट:

- उन्होंने 54.9% मत हासिल किए।
- सेशेल्स ने 1977 के बाद पहली बार किसी विपक्षी उम्मीदवार को अपना राष्ट्रपति चुना।

5. लुइस आर्क को किस देश का राष्ट्रपति चुना गया है_____**बोलीविया।**

नोट:

- उन्होंने कुल मतों के 55.1% मत हासिल किए। आर्क 8 नवंबर 2020 को पदभार संभालेंगे। वह बोलीविया के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत जीनिन एनेज की जगह लेंगे।
- 57 वर्षीय लुइस राजनीतिक दल मूवमेंट टूवार्ड सोशलिज्म के सदस्य हैं।

6. भारत का नया मुख्य सूचना आयुक्त किसे नियुक्त किया गया है _____**यशवर्धन कुमार सिन्हा।**

नोट:

- वह अभी सूचना आयुक्त थे और वरिष्ठतम थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- बिमल जुल्का के सेवानिवृत्त होने के बाद CIC अध्यक्ष का पद कई महीनों से रिक्त था।
- एक मराठी पत्रकार, उदय माहुरकर को सूचना आयुक्त के पद के लिए चुना गया है। उदय माहुरकर ने इंडिया टुडे ग्रुप में डिप्टी एडिटर के रूप में काम किया और उन्हें संघ परिवार का करीबी माना जाता है।

7. हेल्थकेयर कंपनी डॉ. ट्रस्ट का ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया_____**रोहित शर्मा।**

नोट:

- वरिष्ठ भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को हेल्थकेयर कंपनी डॉ ट्रस्ट का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।
- डॉ. ट्रस्ट निगरानी उपकरणों का निर्माण करती है, जो रक्तचाप, रक्त ऑक्सीजन का स्तर, श्वसन दर, पल्स रेट आदि मापने में मदद करते हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. लोकसभा और विधानसभा चुनावों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा की जांच करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता कौन कर रहा है_____**हरीश कुमार।**

नोट:

- दो-सदस्यीय समिति लोकसभा और विधानसभा चुनावों में लड़ने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा की जांच करेगी।
- मतदाताओं की संख्या में वृद्धि और मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण खर्च बढ़ाने की आवश्यकता सामने आई है। इससे पहले एक उम्मीदवार की खर्च सीमा को 2014 में संशोधित किया गया था।

2. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने किस अंतर-सरकारी संगठन के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत सूचकांक शुरू किया है _____**UNICEF.**

नोट:

- 'एनीमिया मुक्त भारत' भारत में एनीमिया के प्रसार को कम करने की एक पहल है।
- 46.7 के स्कोर के साथ हरियाणा एनीमिया मुक्त भारत सूचकांक में शीर्ष पर है।
- चंडीगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आठवीं शासी निकाय बैठक के दौरान सूचकांक जारी किया गया।

3. आयुष मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने किस संस्थान में रीज़नल रॉ ड्रग रिपॉजिटरी का उद्घाटन किया_____ **ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, नई दिल्ली।**

नोट:

- यह RRDR नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड (NMPB) द्वारा प्रस्तावित रिपॉजिटरी श्रृंखला में दूसरा है।
- आयुष मंत्रालय ने कहा है कि दुनिया भर में प्राकृतिक चिकित्सा और औषधीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है, जिसे कोविड-19 महामारी ने और तेज कर दिया है।

4. IFSCA विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष कौन हैं, जिसने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के अध्यक्ष को अपनी दूसरी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी_____ **इंजेती श्रीनिवास।**

नोट:

- यह एक IFSCA विशेषज्ञ समिति थी जिसका गठन IFSC में अंतर्राष्ट्रीय खुदरा व्यापार विकास के बारे में अध्ययन करने के लिए किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- IFSC (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) में अंतर्राष्ट्रीय खुदरा व्यापार को बढ़ावा देने की सिफारिशें पेश करने के लिए समिति गठित की गई।

5. हाल ही में, मुंबई पुलिस ने रेटिंग एजेंसी BARC द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करने के बाद कुछ समाचार चैनल के खिलाफ TRP घोटाले का मामला दर्ज किया है। BARC का पूरा नाम है_____**ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल।**

नोट:

- कथित घोटाला तब सामने आया जब रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (BARC) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि कुछ चैनल विज्ञापनदाताओं को लुभाने के लिए TRP अंकों में धांधली कर रहे हैं।
- यह आरोप लगाया गया था कि कुछ परिवार जिनके घरों में दर्शकों की जानकारी एकत्र करने के लिए मीटर लगाए गए थे, उन्हें एक विशेष चैनल देखने के लिए रिश्वत दी जा रही थी।

6. देश में सबसे लंबे BRTS कॉरिडोर वाला शहर _____**सूरत।**

नोट:

- इसके साथ, सूरत देश में सबसे लंबे BRTS कॉरिडोर वाला शहर बन गया।
- कुंभारिया से कदोदरा तक सात किमी लंबे BRTS कॉरिडोर के अनावरण के बाद, शहर में BRTS कॉरिडोर 108 किमी लंबा बन गया है।

7. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के सफल कार्यान्वयन में देश के 30 जिलों में से किस जिले ने शीर्ष स्थान हासिल किया_____ **मंडी।**

नोट:

- हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के सफल कार्यान्वयन में देश के 30 जिलों में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- हिमाचल प्रदेश ने PMGSY के तहत सड़कों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान भी हासिल किया है।

8. शहरी नियोजन शिक्षा प्रणाली में सुधार पेश करने के लिए नीति द्वारा गठित 14-सदस्यीय समिति के प्रमुख_____**राजीव कुमार।**

नोट:

- समिति का नेतृत्व नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार करेंगे।
- समिति के सदस्यों में नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA), शिक्षा मंत्रालय (MoE) और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव शामिल हैं।

9. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के किस राज्य में किसानों के लिए एक बिजली योजना 'किसान सूर्योदय योजना' शुरू की _____**गुजरात।**

नोट:

- यह किसानों को दिन के समय सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति प्रदान करते हुए 16 घंटे बिजली की आपूर्ति प्रदान करने की योजना है।
- किसानों को सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक तीनों फेस की विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- गुजरात सरकार ने वर्ष 2023 तक इस योजना के तहत अवसंरचना स्थापित करने के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

10. ऊकला स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स में भारत की रैंक क्या है जो ग्लोबल मोबाइल इंटरनेट स्पीड के आधार पर देशों को रैंक प्रदान करता है_____**131वीं।**

नोट:

- वर्ष 2019 में इस सूचकांक में भारत 121वें स्थान पर था।
- दक्षिण कोरिया 121.00 Mbps की औसत मोबाइल इंटरनेट स्पीड के साथ सूची में शीर्ष स्थान पर है।
- सूची में श्रीलंका, पाकिस्तान और नेपाल क्रमशः 102, 116 और 117वें स्थान पर रहे।

11. किस संगठन ने IIT खड़गपुर के साथ नई उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए भागीदारी की है_____**TCS।**

नोट:

- IIT खड़गपुर ने सुदूर-नियंत्रित कारखाना संचालन हेतु नई उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के साथ भागीदारी की है।
- यह भारत के उन्नत विनिर्माण क्षेत्र में एक नया चलन स्थापित करेगा।

12. किस मंत्रालय ने 'ई-धरती जियो पोर्टल' लॉन्च किया_____ **आवास एवं शहरी कार्यक्रम मंत्रालय।**

नोट:

- आवास एवं शहरी कार्यक्रम मंत्रालय ने प्रबंधन सूचना प्रणाली में मानचित्र और पट्टे की योजना जैसी लेगीसी ड्राइंग को एकीकृत करने और इसकी भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) सक्षम बनाने के लिए 'ई-धरती जियो पोर्टल' शुरू किया है।

13. केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भारत के किस राज्य में DST-IIEST सोलर पीवी हब का उद्घाटन किया _____**पश्चिम बंगाल।**

नोट:

- इसका उद्देश्य विश्व स्तरीय अनुसंधान सुविधा उपलब्ध कराना है। यह सौर ऊर्जा, अनुसंधान एवं विकास, निर्माण, सौर फोटोवोल्टिक, सौर पीवी मॉड्यूल, सोलर सेल के परीक्षण और सौर पीवी प्रणालियों के क्षेत्र में ज्ञान के प्रसार के केंद्रीय नोड के रूप में कार्य करेगा। हब भारत के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों को बढ़ावा देता है।

14. श्री गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती के उपलक्ष्य में गठित समिति की अध्यक्षता कौन करेगा_____**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

नोट:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती के उपलक्ष्य में गठित एक उच्च स्तरीय 70 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता करेंगे।
- समिति नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों को बनाने और उन्हें मंजूरी देने के लिए काम करेगी और कार्यक्रम के लिए तिथियों का निर्णय लेते हुए, स्मरणोत्सव के लिए पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

15. किस संस्था ने "भारत में बिजली पहुंच और वितरण उपयोगिताओं की बेंचमार्किंग" रिपोर्ट जारी की_____**नीति आयोग।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- रिपोर्ट कहती है कि 92% ग्राहकों ने अपने परिसर के 50 मीटर के दायरे में बिजली का बुनियादी ढांचा प्राप्त किया।
- लगभग 87% ग्राहकों के पास ग्रिड-आधारित बिजली थी। 13% वे थे जिन्होंने या तो नॉन ग्रिड स्रोतों का उपयोग किया या बिजली का उपयोग ही नहीं किया।

16. निर्माणाधीन 8.1 किलोमीटर लंबा फेनी ब्रिज जो दिसंबर 2020 तक पूरा हो जाएगा, किस राज्य को बांग्लादेश के साथ जोड़ेगा_____**त्रिपुरा।**

नोट:

- पुल फेनी नदी पर बनाया जाएगा। यह त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ेगा। पुल का निर्माण दिसंबर 2010 में शुरू हुआ था।
- पूरा होने के बाद, पुल असम के अलावा भारत के पूर्वी राज्यों और इसके पश्चिमी राज्यों के बीच एकमात्र स्थल संपर्क होगा।

17. पोत परिवहन मंत्रालय ने किस बंदरगाह पर 'डायरेक्ट पोर्ट एंट्री फैसिलिटी' शुरू की है _____ **वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह, तूतीकोरिन।**

नोट:

- आधुनिक डायरेक्ट पोर्ट एंट्री, CFS में हैंडलिंग के बिना, चौबीसों घंटे मिल से कंटेनर टर्मिनल तक कंटेनरों की आवाजाही की अनुमति देगा।
- यह सुविधा ट्रक पार्किंग टर्मिनल के अंदर 18,357 वर्ग मीटर के क्षेत्र में लॉन्च की गई है, जो निर्यात कार्गो जैसे मिल्स स्टफ्ड और ई-सील कंटेनरों को सीमा शुल्क अनुमति जारी करने के लिए 'सागरमाला' के तहत बनाया गया था।

18. संयुक्त राष्ट्र के साथ साझेदारी में नाट्य तरंगिनी द्वारा आयोजित "परम्परा श्रृंखला 2020- राष्ट्रीय संगीत और नृत्य महोत्सव" के वर्चुअल पर्व का शुभारंभ किसने किया_____ **एम. वेंकैया नायडू।**

नोट:

- नाट्य तरंगिणी पिछले 23 वर्षों से इसका आयोजन कर रही है।
- इस नृत्य और संगीत समारोह को महामारी के कारण लॉकडाउन, आर्थिक मंदी और सामाजिक संपर्क के अभाव के चलते रोक दिया गया था।

19. किस तकनीकी कंपनी ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) के साथ मिलकर अगले 10 महीनों में भारत में एक लाख से अधिक महिलाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए समझौता किया है_____**माइक्रोसॉफ्ट।**

नोट:

- समझौते के हिस्से के रूप में, डिजिटल साक्षरता, रोजगार संवर्धन, नैनो उद्यमशीलता और संचार कौशल जैसे विषयों का 70 घंटे से अधिक का कोर्स कंटेंट नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।
- यह पहल देश में 1 लाख से अधिक युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए NSDC के साथ माइक्रोसॉफ्ट की साझेदारी का विस्तार है।

20. कौन सी भारतीय आईटी कंपनी ने पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित कार्बन तटस्थ की वर्ष 2050 की समयसीमा को तीस वर्ष पहले रुपांतरित कर दिया है_____**इंफोसिस।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- पिछले वर्षों में, इंफोसिस ने कहा कि उसने नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन के लिए अपनी प्रति व्यक्ति बिजली की खपत को 55% तक कम कर दिया है।
- इंफोसिस 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध कंपनियों की एक वैश्विक पहल RE100 के लिए भारत की ओर से प्रथम हस्ताक्षरकर्ता भी था।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. कौन सी राज्य सरकार 80,000 से अधिक सरकारी स्कूलों में स्मार्ट ब्लैकबोर्ड योजना लागू करेगी_____**तमिलनाडु।**

नोट:

- स्मार्ट ब्लैकबोर्ड योजना का उद्देश्य ऑडियो विजुअल शिक्षण सामग्री का उपयोग करना है जिसे डिजिटल कक्षाओं के साथ एकीकृत किया जा सकता है। यह उन सामग्रियों का निर्माण करेगा जो पेन ड्राइव का उपयोग करके कंप्यूटर स्क्रीन में दिखाई जा सकती हैं।
- तमिलनाडु राज्य सरकार ने 2020-21 के पाठ्यक्रम को 40 प्रतिशत तक कम करने का फैसला किया है।

2. किस राज्य सरकार ने राज्य के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में वूमन हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया है _____**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- हेल्पडेस्क पर प्रतिनियुक्त महिला पुलिस कर्मी न केवल महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी बल्कि हर समय उनकी मदद के लिए तैयार रहेंगी।
- मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस बल को व्यक्तिगत रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध स्थल का दौरा करने और समय पर जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

3. किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश ने स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों, बुनकरों को दुनिया भर में ग्राहकों तक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु ऑनलाइन स्टोर फ्लिपकार्ट के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_____**जम्मू और कश्मीर।**

नोट:

- यह साझेदारी संबंधित क्षेत्रों की वृद्धि और विकास के लिए एक उपयुक्त अवसर प्रदान करेगी।
- यह ई-मार्केटिंग चैनल संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में कारीगरों और बुनकरों को शामिल करेगा और लाभान्वित करेगा, पहले छह महीनों के लिए, फ्लिपकार्ट कारीगरों और बुनकरों से कोई शुल्क नहीं लेगा।

4. किस राज्य सरकार ने लाभार्थी को उसके परिवार के सदस्यों की मृत्यु या दुर्घटना के मामले में बीमा कवर के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए BIMA योजना शुरू की है_____**आंध्र प्रदेश।**

नोट:

- सफेद राशन कार्ड वाले सभी परिवार YSR बीमा योजना के पात्र हैं। ग्राम / वार्ड स्वयंसेवक परिवारों के बीच जाएंगे और प्राथमिक गृहस्वामी के नाम दर्ज करेंगे।
- दावे की राशि दावा करने के 15 दिनों के अंदर सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. किस राज्य सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण संवितरण में पहली रैंक हासिल की है_____ **उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- उप्र को पीएम स्वनिधि योजना के तहत सभी श्रेणियों जैसे आवेदन, मंजूरी और ऋण वितरण में प्रथम स्थान दिया गया है।

6. हाल ही में किस राज्य को पहली बार ESI योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है_____**अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- यह अन्य लाभों के साथ 10 या अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले में स्थित सभी कारखानों पर लागू होगी।
- ESI योजना लक्षद्वीप को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 568 जिलों में लागू की गई है।

7. किस राज्य ने बम ला में युद्ध स्मारक बनाया है_____ **अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- अरुणाचल प्रदेश के बम ला में एक युद्ध स्मारक बना है। सिख रेजीमेंट की पहली बटालियन के जोगिंदर सिंह ने 1962 के चीन-भारत युद्ध के दौरान ईस्टर्न थिएटर में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार, 'परमवीर चक्र' प्राप्त किया।
- भारतीय सेना ने 23 अक्टूबर को बम ला में जोगिंदर युद्ध स्मारक का उद्घाटन समारोह आयोजित किया, इसी दिन वर्ष 1962 में टोंगपेन ला (बम ला) की लड़ाई हुई थी।

8. सोलह कृषि वस्तुओं के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने वाला पहला भारतीय राज्य _____**केरल।**

नोट:

- यह योजना किसानों का समर्थन करने और कृषि क्षेत्र को बढ़ाने के लिए है।
- प्रथम चरण में सब्जियों की सोलह विभिन्न किस्मों को शामिल किया जाएगा। नियमित आधार पर MSP मूल्य को संशोधित करने की व्यवस्था भी है।

9. यंग एडवोकेट वेलफेयर फंड किस राज्य में शुरू किया गया है_____**तमिलनाडु।**

नोट:

- यह कॉलेजों से निकलने वाले वकीलों को दो वर्ष तक तीन हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- सामान्य रूप से लॉ कॉलेजों के नव विद्यार्थी को बार काउंसिल में पंजीकरण के रूप में अदालत में एक वकील के रूप में अभ्यास शुरू करने में तीन से चार वर्ष लगते हैं, और एक वरिष्ठ अधिवक्ता के तहत अनिवार्य वकालत में समय लगता है।

10. किस राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रत्येक जिले में मानव तस्करी विरोधी पुलिस स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया है_____**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- इन पुलिस स्टेशनों को मामला दर्ज करने और स्वतंत्र रूप से मामले की जांच करने के लिए पर्याप्त अधिकार दिए जाएंगे।
- राज्य सरकार 40 नई मानव-तस्करी विरोधी इकाइयों की स्थापना करने जा रही है जो जिलों में पुलिस थानों की तरह काम करेंगी और मामले दर्ज करने के बाद जांच करेंगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

11. किस राज्य सरकार ने राज्य के योग्य विद्यार्थियों को सहज और पारदर्शी तरीके से छात्रवृत्ति का लाभ उठाने में मदद हेतु 'स्टेट स्कॉलरशिप पोर्टल' शुरू किया है_____**ओडिशा।**

नोट:

- एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, आठ राज्य विभागों द्वारा 21 छात्रवृत्ति पेश की जाएगी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के 11 लाख से अधिक लाभार्थी विद्यार्थी स्कॉलरशिप पोर्टल से लाभान्वित होंगे।

12. किस राज्य सरकार ने लोगों को अंतर-जातीय विवाह प्रोत्साहन का लाभ उठाने में सहायता हेतु 'सुमंगल पोर्टल' शुरू किया है _____**ओडिशा।**

नोट:

- मुख्यमंत्री ने सुमंगल पोर्टल का उद्घाटन करते हुए कहा कि अंतर-जातीय विवाह सामाजिक एकता बढ़ाते हैं और समाज में समानता तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देते हुए जातीय भेदभाव को कम करते हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल पर आवेदन करने के 60 दिनों के भीतर लाभार्थियों को 2.5 लाख रुपये का लाभ मिल सकता है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस अंतर-सरकारी संगठन ने "द फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2020" का तीसरा संस्करण जारी किया है, जिसके अनुसार कोविड-19 और इसके प्रभाव 2025 तक 85 मिलियन से अधिक नौकरियों को बाधित करेंगे_____ **वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम।**

नोट:

- रिपोर्ट के अनुसार कोविड -19 और इसके प्रभाव वर्ष 2025 तक 85 मिलियन से अधिक नौकरियों को बाधित करेंगे।
- रिपोर्ट नौकरियों के भविष्य पर आधारित है। फोरम द्वारा रिपोर्ट 300 से अधिक वैश्विक कंपनियों के सीनियर बिजनेस लीडरों के अनुमानों के आधार पर तैयार की गई है।

2. विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को धरोहर साइट, नाज़का लाइन किस देश में स्थित है_____**पेरु।**

नोट:

- नाज़का लाइन में सैकड़ों विशाल जियोग्लाइफ हैं जो 2000 वर्ष से अधिक पुराने हैं।
- नई खोजी गई कैट जियोग्लाइफ पहले की खोज से पुरानी है।

3. भूटान में भारत द्वारा सहायता प्राप्त किस जलविद्युत परियोजना को यूके के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्था अवार्ड 'ब्रूनल मेडल -2020' से सम्मानित किया गया_____**मंगदेछू।**

नोट:

- 720-मेगावाट की मंगदेछू रन-ऑफ-रिवर विद्युत परियोजना 4,500 करोड़ रुपये की लागत से मध्य भूटान के ट्रोंगसा द्ज़ोंगखाग जिले में मंगदेछू नदी पर बनाई गई है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान की राज्य यात्रा के दौरान अगस्त 2019 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से इस परियोजना का उद्घाटन किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में शामिल होकर इसका 190वां सदस्य बन गया_____**अंडोरा।**

नोट:

- अंडोरा फ्रांस और स्पेन के बीच स्थित एक माइक्रोस्टेट है।
- IMF की सदस्यता, अंडोरा की सरकार को IMF की नीतिगत सलाह से लाभान्वित कराती है, विशेष रूप से क्योंकि देश कोविड-19 के कारण उत्पन्न संकट का सामना कर रहा है और अब यह IMF द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था की वार्षिक समीक्षा या "हेल्थ चेक" प्राप्त कर सकता है।

5. अमेरिका ने किस देश के लिए तीन हथियार प्रणालियों के साथ ही मिसाइलों और तोपों की संभावित बिक्री को मंजूरी दी है_____**ताइवान।**

नोट:

- अमेरिका ने लगभग 436.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के लॉकहीड मार्टिन कॉर्प द्वारा बनाए गए 11 ट्रक-आधारित रॉकेट लॉन्चरों को भी मंजूरी दी, जिन्हें हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम कहा जाता है।
- इसने बोइंग द्वारा निर्मित 1.008 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत के 135 AGM-84H स्टैंडऑफ लैंड अटैक मिसाइल एक्सपेंडेड रिस्पॉन्स (SLAM-ER) मिसाइलों और संबंधित उपकरणों को मंजूरी दी।

6. किस देश ने 'नो मास्क, नो सर्विस' पॉलिसी की घोषणा की है_____**बांग्लादेश।**

नोट:

- बांग्लादेश सरकार ने फैसला किया है कि जो लोग मास्क नहीं पहनते हैं उन्हें कोई सेवा प्रदान नहीं की जाएगी।
- प्रधान मंत्री शेख हसीना की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक ने फैसला किया कि किसी को भी मास्क के बिना कार्यालयों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. कौन सा देश इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने वाला 3 अरब राष्ट्र बन गया_____**सूडान।**

नोट:

- सूडान और इजराइल के बीच नया समझौता कृषि पर ध्यान देने के साथ आर्थिक और व्यापार संबंध स्थापित करेगा।
- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और बहरीन इजराइल के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने वाले अन्य अरब राष्ट्र थे।

8. किस देश ने 19वीं SCO विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री बैठक 2020 की मेजबानी की _____ **भारत।**

नोट:

- बैठक के दौरान, मंत्री ने कहा कि देशों को क्षेत्र में व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए अपनी आर्थिक शक्ति का लाभ उठाना होगा।
- मंत्री के अनुसार यह कोविड-19 महामारी से बहाली को तेज करने में मदद करेगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. यूरोपीय संघ ने अपना शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार किसे प्रदान किया _____ **स्वितलाना सिखानोउसकाया।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह घोषणा करना एक सम्मान की बात है कि बेलारूस में लोकतांत्रिक विपक्ष की महिला और पुरुष 2020 के सखारोव पुरस्कार विजेता हैं।
- 38 वर्षीय पूर्व अंग्रेजी शिक्षक, जिन्हें कोई पूर्व राजनीतिक अनुभव नहीं था, सिखानोउसकाया राष्ट्रपति बनने की दौड़ के अभिलाषी अपने पति के जेल जाने के बाद दौड़ में शामिल हुईं। वह जेल में ही रहे।

2. किस तकनीकी कंपनी ने फोर्ब्स की वर्ल्ड बेस्ट इम्प्लॉयर 2020 सूची में पहला स्थान हासिल किया _____ **सैमसंग।**

नोट:

- सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स फोर्ब्स की वर्ल्ड बेस्ट इम्प्लॉयर 2020 सूची में सबसे ऊपर है, जिसमें 750 बहुराष्ट्रीय और बड़े कॉर्पोरेशन हैं।
- अमेजन ने दूसरा स्थान हासिल किया, इसके बाद IBM, माइक्रोसॉफ्ट और LG का स्थान है।
- भारत से, HCL टेक्नोलॉजी सूची में शीर्ष उद्योग है। इसे वैश्विक स्तर पर 30वें स्थान पर रखा गया है।

3. कोविड-19 महामारी के बीच जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किस संगठन ने यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवार्ड जीता_____**ग्लोबल हिमालयन एक्सपेडिशन।**

नोट:

- यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन में पॉवर ऑफ चेंज अभियान द्वारा निर्देशित किया जाता है।
- पुरस्कारों की घोषणा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति और पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते के संदर्भ में सरकारी कार्यों के रूप में इच्छाओं और कार्यवाहियों को बढ़ाने का एक प्रमुख लक्ष्य है।
- GHE एक ऐसा कार्पोरेशन है जो मूल क्षेत्रों में हिमालयी गांवों के लिए 'इम्पैक्ट एक्सपेडिशन' का प्रबंधन करता है। इन अभियानों का एक वैध कारण होगा। उदाहरण के लिए, सुदूर गांवों में सौर ऊर्जा स्थापित करना।

खेल समाचार

1. अल्गार्वे इंटरनेशनल सर्किट, पुर्तगाल में आयोजित 2020 पुर्तगाली ग्रांड प्रिक्स किसने जीती_____**लुईस हैमिल्टन।**

नोट:

- यह 2020 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का 12वां दौर था। यह हैमिल्टन की सत्र की 8वीं और करियर की 92वीं जीत है।
- इस जीत के साथ, उन्होंने जर्मन महान रेसर माइकल शूमाकर की 91 जीत के रिकॉर्ड को पार किया। वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज- फिनलैंड) दूसरे स्थान पर, मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल - नीदरलैंड) तीसरे स्थान पर रहे।

2. भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने किस खेल के लिए एक नेशनल कोचिंग कैंप की सहमति दी _____**टेबल टेनिस।**

नोट:

- नेशनल कोचिंग कैंप 18 लाख रुपये (हवाई यात्रा और चिकित्सा व्यय अलग से) की अनुमानित लागत से मंजूर किया गया है।
- टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया ने दिल्ली पब्लिक स्कूल सोनीपत में कैंप का आयोजन किया है।
- कैंप में 11 खिलाड़ी (5 पुरुष, 6 महिला) और चार सहायक कर्मचारी हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पुस्तकें एवं लेखक

1. "नाइज ऑफ द रेस्टलेस स्पिरिट्स: स्टोरीज़ फ्रॉम 1984" पुस्तक किसने लिखी _____ **सरबप्रीत सिंह।**

नोट:

- सरबप्रीत सिंह ने "नाइट ऑफ द रेस्टलेस स्पिरिट्स: स्टोरीज फ्रॉम 1984" पुस्तक लिखी। पुस्तक 1984 के सिख नरसंहार या सिख विरोधी दंगों का वर्णन करती है।
- पुस्तक में आम लोगों की कहानियां बताई गई हैं, जो दुनिया भर के सिखों की नजर से वर्ष 1984 की भयावहता और अनिश्चितताओं को प्रस्तुत करती है। पुस्तक पेंगुइन द्वारा प्रकाशित की गई है।

2. बोस्टन, अमेरिका में तीसरे इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन (IIFFB) 2020 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2020 से किन्हें सम्मानित किया गया _____**ओम पुरी।**

नोट:

- तीसरे IIFFB 2020 में शेफ विकास खन्ना को "प्राइड ऑफ इंडिया" से सम्मानित किया गया, जो एक विशेष पुरस्कार है।
- ओम पुरी एक प्रशंसित अभिनेता थे, जिन्होंने सत्यजीत रे, श्याम बेनेगल, गोविंद निहलानी और मृणाल सेन जैसे निर्देशकों के साथ काम किया था और उन्होंने विभिन्न हॉलीवुड निर्देशकों जैसे रोलैंड जोफ़े, माइक निकोल्स, लेस्से हाल्सट्रोम आदि के साथ भी काम किया है।

विज्ञान एवं रक्षा

1. प्रॉजेक्ट 28 के तहत स्वदेश निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर स्टेल्थ कॉर्वेट, जिसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया_____ **INS कावारत्ती।**

नोट:

- INS कावारत्ती प्रॉजेक्ट 28 के तहत चार स्वदेशी निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर स्टेल्थ कॉर्वेट में से एक है। प्रॉजेक्ट 28 को कामोर्ता क्लास कॉर्वेट भी कहा जाता है।
- प्रॉजेक्ट 28 को 2003 में मंजूरी दी गई थी। प्रॉजेक्ट के तहत INS कामोर्ता का निर्माण 2005 में शुरू हुआ।

2. किस संस्था ने कोविरैप नामक कोविड -19 टेस्ट विकसित किया है जिसे हाल ही में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा मंजूरी दी गई थी _____**IIT खड़गपुर।**

नोट:

- यह एक नैदानिक मशीन है जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर द्वारा विकसित किया गया था। यह किट RT-PCR की तुलना में करीबी टेस्ट परिणाम देती है।
- कोविरैप यूजर फ्रेंडली है और कम लागत वाली है। यह एक घंटे से भी कम समय में परिणाम देती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की गई घोषणा के अनुसार नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन का तीसरा चरण कब शुरू होगा _____ **जनवरी 2021।**

नोट:

- मिशन का तीसरा चरण कंप्यूटिंग स्पीड को लगभग 45 पेटाफ्लॉप्स तक बढ़ाएगा।
- C-DAC और नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन ने भारत के प्रमुख संस्थानों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- समझौते के अनुसार, सुपर कंप्यूटरों की विनिर्माण इकाइयों और असेंबली इकाइयों को देश के प्रमुख संस्थानों में स्थापित किया जाएगा।

4. एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल नाग (NAG) का अंतिम उपयोग परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की किस रक्षा विनिर्माण इकाई द्वारा सफलतापूर्वक किया गया _____**भारत डायनेमिक्स लिमिटेड।**

नोट:

- नाग मिसाइल को नाग मिसाइल कैरियर से छोड़ा गया था।
- नाग मिसाइल की रेंज 4 से 7 किलोमीटर के बीच है। 2018 में, रक्षा मंत्रालय ने 300 नाग मिसाइलों और 25 नाग मिसाइल कैरियर के अधिग्रहण को मंजूरी दी। एक नाग कैरियर एक संशोधित बीएमपी इन्फैन्ट्री कॉम्बैट व्हीकल है।

5. किस IIT ने राजमार्ग अवसंरचना की प्रगति के लिए विशेषज्ञता साझा करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए_____ **IIT जोधपुर।**

नोट:

- दोनों संस्थान परिवहन इंजीनियरिंग, संरचनात्मक इंजीनियरिंग, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में काम करेंगे।
- संयुक्त गतिविधियां उद्योग-संस्थान के अंतर को दूर करेंगी और उन तकनीकों को विकसित करेंगी जिन्हें NHAI द्वारा अभ्यास में लाया जाएगा।

6. किस IIT के शोधकर्ताओं ने एंटी-एजिंग कम्पाउंड का उत्पादन करने के लिए एक कम लागत वाली विधि विकसित की_____ **IIT गुवाहाटी।**

नोट:

- कम्पाउंड को कृषि संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला जैसे दालें, चाय, जामुन, संतरों के छिलके, अजमोद, प्याज और समुद्री बकथॉर्न से विकसित किया गया है।
- उत्पाद अन्य वाणिज्यिक उद्योग की तरह कार्बनिक विलायकों का उपयोग नहीं करता है।

7. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन किस अंतरिक्ष एजेंसी के साथ संयुक्त रूप से सिंथेटिक एपर्चर रडार सैटेलाइट लॉन्च करेगा_____**नासा।**

नोट:

- संवाद के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार को NISAR कहा जाता है जिसे 2022 तक लॉन्च किया जाएगा।
- देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने एक संयुक्त NISAR मिशन के संचालन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मिशन एक सिंथेटिक एपर्चर रडार विकसित और लॉन्च करेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

8. किस भारतीय संगठन ने सिक्योर एप्लीकेशन फॉर इंटरनेट (SAI) लॉन्च किया है, जो किन सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षित वॉइस, वीडियो और टेक्स्ट कॉलिंग सेवाएं प्रदान करेगा_____ **भारतीय थलसेना।**

नोट:

- SAI मॉडल अन्य वाणिज्यिक एप्लीकेशनों जैसे टेलीग्राम, व्हाट्सएप, SAMVAD के समान है।
- भारतीय थलसेना द्वारा विकसित मोबाइल एप्लिकेशन को सिक्योर एप्लीकेशन फॉर इंटरनेट (SAI) कहा जाता है।
- यह भारतीय थलसेना के जवानों के बीच सुरक्षित संचार की सुविधा प्रदान करता है।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co